Barcode : 99999990173049
Title -
Author -
Language - sanskrit
Pages - 74
Publication Year - 1903
Barcode EAN.UCC-13

॥ श्रीः ॥

बालसंस्कृतबोधिनी ।

(नवीनसंस्कृतजिज्ञासुजनोपकारिणी.)



खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस—बंबई.

श्रावण शके १८२५, संवत् १९६०.

अस्य ग्रन्थस्य पुनर्मुद्रणाद्यधिकाराः १८६७ तमाब्दीय २'१ तमराजनियमनिबन्धराजप-
द्धारूढीकरणेन "श्रीवेङ्कटेश्वर" यन्त्रालयाधिपत्यधीनाः सन्ति ।

श्रीः ।

बालसंस्कृतबोधिनी ।

(नवीनसंस्कृतजिज्ञासुजनोपकारिणी.)

खानदेशीयरावेरग्रामनिवासिपरशुरामभट्टतनयेन

गोविन्दशास्त्रिणा निर्मिता ।

तस्या इयं

तृतीयावृत्तिः

खेमराज श्रीकृष्णदासश्रेष्ठिना

मुम्बय्यां

स्वकीये "श्रीवेङ्कटेश्वर" (स्टीम) मुद्रणयन्त्रालये

मुद्रयित्वा प्रकाशिता ।

श्रावण शके १८२५, संवत् १९६०.

अस्य ग्रन्थस्य पुनर्मुद्रणाधिकारः १९६७ तमा वीय २५ तमा-

राजनियमनिबद्धराजपत्रास्वीकरणेन "श्रीवेङ्कटेश्वर"

यन्त्रालयाधिपत्यभोगाः सन्ति ।

प्रस्तावना.

आजकल संस्कृतभाषाका प्रचार प्रायः इस पवित्र भारतवर्षमें सर्वत्र हुआहै यह प्रवृत्ति बहुत सराहने लायक है. अपने हिंदुबालकों-को मातृभाषा सीखकर उसको उन्नतीमें लाना यह महान् भूषणहै इतनाही तो क्या; बरन् इस भाषामें अपने शास्त्रग्रंथ हैं; जिनके आधारसे अपना धर्म दृढ चलताहै उन शास्त्रग्रंथोंको बाँचनेसे और समझनेसे जो कुछ फल निकलताहै; इससे तो इस भारतभूमिमें शुद्धवंशमें लियाहुआ जन्मही सार्थक होताहै. यह कितना बड़ा फल है; यह तो आप स्वयंही विचार करलो. ऐसे महत्कार्यको सिद्धकरना चाहे तो प्रथम संस्कृतभाषा सीखे इस बातमें तो कुछ संशय और विवादही नहीं.

संस्कृतभाषा सीखनेके उपाय तो विद्वानोंने अनेक २ कर रक्खेहैं. जिनके द्वारा असंख्यमनुष्य संस्कृतभाषामें प्रवीण हुएहैं. परन्तु जिनको संस्कृतका गंधमात्रभी नहीं उन लोगोंको तो चाहे वह सुलभ ग्रंथ क्यों नहो, वहभी कठिनही लगताहै; जिससे वे लोग उत्साहसे रहित होकर अभ्यासमें प्रयत्न करना छोडदेतेहैं. इसलिये इन नवीन संस्कृतजिज्ञासु लोगोंको संस्कृतभाषा सीखनेका उत्साह जिससे बढे ऐसा कोई ग्रंथ बनाना आवश्यक है.

इसी हेतुसे श्रेष्ठिवर्य श्रीकृष्णदासात्मज खेमराजसेठजीने मुझको ऐसा उपयोगी ग्रंथ बनानेकी प्रेरणा करी. तब मैंने अल्पबुद्धिके अनुसार यह "बालसंस्कृतबोधिनी" नामक ग्रंथ बनायाहै.—इस ग्रंथमें बालकोंको या कोईभी नवीन संस्कृत सीखनेवालोंको सुगम पडे ऐसे नि-

यम लिखकर संक्षेपसे सुगमरीति कीहै. तिस्के पीछे विभक्त्यर्थ, सामान्य सर्वोपयोगी ऐसे २ धातुओंके अर्थसहित रूप लिखेहैं. फिर उपदेश बांधकर संस्कृतवाक्य और सामनेकी पंक्तिमें उसीका प्राकृतवाक्य ऐसे व्यवस्थापूर्वक पाठ लिखेहैं. उस उस पाठके नीचे उसी पाठमें जो पहलेकी अपेक्षासे नवीन शब्द आयाहो, उस उस शब्दका अर्थसहित कोश लिखाहै.

इस ग्रंथके यत्नपूर्वक पढनेसे और वाक्य पाँठ करनेसे सहज हीमें बहुतसे संस्कृत शब्दोंका ज्ञान होगा. शब्दकोश मुखपाँठ आनेसे तौ बहुत कार्य होगा; कि जिस्से विभक्तिको और वचनोंको बदल कर चाहिये वैसे वाक्य करनेको आजायँ. कितनेक शब्द और क्रिया. पदोंके रूप ऐसे क्रमसे धरदियेहैं कि, बस उतना जोडके बोलनेसेही झट वाक्य होजाताहै. इस्को एकबार मात्र कोई अच्छे शिक्षकके पास पढले तौ यह बहुतही उपयोगी होगा.

ऐसा यह "बालसंस्कृतबोधिनी" नामक पुस्तक मैंने तैयार करके पुस्तकप्रसारणैकनिपुण सेठजी खेमराज श्रीकृष्णदासजीको अत्यंत उत्साहपूर्वक समर्पण किया. उन्होंने निज "श्रीवेङ्कटेश्वर" छापाखानेमें छापके प्रसिद्ध किया. इसलिये मैं संतोषपूर्वक उनको धन्यवाद देताहूं और समस्त विद्वज्जनों और विशेष करिकै संस्कृतशिक्षकजनों तथा संस्कृत विद्यार्थिजनोंको प्रांजल हो प्रार्थना करताहूं कि—

'संतः संतु मम प्रसन्नमनसो वाचां विचारोद्यताः
सूतेंऽभः कमलानि तत्परिमलं वाता वितन्वंति यत्' सूक्तिरत्नावली.

शके १८१५ } गोविन्द परशुरामशास्त्री रावेरकर.

I went through "Bal Sanskrit Bodhini" composed by Govind Shastri Raverkar with great pleasure. The arrangement of the lessons and vocabulary of words given in each lesson is very good. I think this will be useful to beginners.

10–6–93
Bombay.

CHIMANLAL SANKALCHAND
MARFATIA

खानदेशीयरावेरग्रामनिवासि—परशुरामभट्टतनयगोविंदशास्त्रिभिःप्रणीतं "बालसंस्कृतबोधिनी" समाख्यं पुस्तकमतीव बालानामुपकारकम्। एतदध्ययनेन गीर्वाणभाषायां झटिति प्रवेशः सम्यक्तया भवेदिति मे निश्चयः।

ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां भौमे।
शके १८१५

प्रभाकरशास्त्री गाडगीळ—कल्याण.

I have gone cursorily over this small book, "Bal Sanskrit Bodhini" composed by Govind Shastri Raverkar taking much trouble & spending a great deal of time. The arrangement of lessons & vocabulary of words with meaning is most admirable. This Book, I believe, will be very useful to almost all classes of beginners.

13–6–93
Sholapur.

HIRACHAND SAKALCHAND DOSHI.

ये "बालसंस्कृतबोधिनी" नामक ग्रन्थ बालविद्यार्थियोंको बहुत उपयोगी होगा.

ता० १२।६।९३
मुंबई.

शा० खुशालदास मगनलाल.

श्रीः ।

अथ बालसंस्कृतबोधिनी प्रारभ्यते ।

श्रीलक्ष्मीनरसिंहाभ्यां नमोवाणीं सहस्रशः ।
उदीर्य कुर्वे गोविन्दो बालसंस्कृतबोधिनीम् ॥ १ ॥

सामान्य शिक्षा.

१ अ इ उ ऋ ऌ ए ऐ ओ औ इन नव वर्णोंको मूल स्वर कहते हैं.

अ ह विसर्ग (:) क ख ग घ ङ—कवर्ग—कंठस्थान.

इ य श च छ ज झ ञ—चवर्ग—तालुस्थान.

ऋ र ष ट ठ ड ढ ण—टवर्ग—मूर्धास्थान.

ऌ ल स त थ द ध न—तवर्ग—दन्तस्थान.

उ उपध्मानीय (◌ प ◌ फ) प फ ब भ म—पवर्ग—ओष्ठस्थान.

व—दंतोष्ठ.

ङ ञ ण न म—अनुस्वार (◌ं)—नासिकास्थान.

जिह्वामूलीय (◌ क ◌ ख)—जिह्वामूलस्थान.

२ प्रयत्न दो हैं आभ्यंतर और बाह्य.

क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ ड ढ ण त थ द ध न

प फ ब भ म—स्पर्श.—स्पृष्ट.

य र ल व—अंतस्थ—ईषत्स्पृष्ट.

श ष स ह—ऊष्म ईषद्विवृत.

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ—विवृत.

अ— संवृत.

इन वर्णोंमें जिस वर्णका स्थान (१ ले नियममें कहा हुआ) और ये प्रयत्न एक मिलतेहों; वे वर्ण परस्परके सवर्ण कहलाते हैं.

३ संस्कृतभाषा सीखनेकी इच्छा करनेवालोंको सबसे पहले "शब्दरूपावली" और "धातुरूपावली" ये दोनों छोटेसे ग्रन्थ अवश्यही पढ़ना चाहिये.

४ वे दोनों ग्रन्थ पढ़कर उनमें जितने शब्द, और धातुओं (क्रियापदों) के रूप चलाकर दिखाये हैं; उसी नियमानुसार अनेकानेक शब्द, और धातुओंके रूप चलानेका दृढ़ अभ्यास रक्खे.

५ पाठक लोगोंकूं इतनी बात अवश्य करना चाहिये कि, विद्यार्थियोंकूं वे दोनों ग्रन्थ शुद्धतापूर्वक ह्रस्व, दीर्घ, विसर्ग, अनुस्वार जहां के तहां लगाकर पढ़ावें, और उनमें जो शब्द कहे हैं, उनके अंतवर्ण, लिङ्ग, विभक्ति और वचन समझावें. और उस उस शब्दसरीखे और और शब्द पूछे. तथा वे उसके मुखसे चलावे, बीच बीचमें विभक्ति और वचन पूछताजावे, ऐसे धातुओंके अर्थ, काल, पुरुष, और वचन समझावे. और बीच बीचमें पूछे, उसीके सरीखे दूसरे धातुओंके रूप चलानेको कहे और कर्त्ता, प्रयोजककर्त्ता, कर्म, भाव धात्वर्थ इत्यादिक अच्छी रीतिसे समझा देवे.

विशेष शिक्षा ।

६ संस्कृतमें सात विभक्तियाँ हैं, प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी और सप्तमी.—संबोधन और प्रथमा एकही है.

७ ये सात विभक्तियाँ कर्त्ता आदिक अर्थमें होती हैं. जैसा—

कर्त्ता—	प्रथमा, तृतीया, षष्ठी.	संप्रदान—	चतुर्थी.
कर्म—	द्वितीया, षष्ठी.	अपादान—	पंचमी.
करण—	तृतीया.	संबंध—	षष्ठी.
		अधिकरण—	सप्तमी.

सामान्य शब्दोंसे विभक्तियोंके अर्थ.

विभ०	एकवचन.	द्विवचन.	बहुवचन.
प्रथमा-	वह, वो, सो.	वे दोना.	वे, ते.
द्विती०	उसको, तिसको, ताको, उसे.	उन दोनोंको, तिन दोनोंको.	उनको, तिनको.
तृतीया	उसकरिके.	उनदोनों करिकै.	उन करिकै.
चतुर्थी-	उसके लिये,	उनदोनोंके लिये, उनदोनोंके वास्ते, उनदोनोंके अर्थ.	उनके लिये, उनके वास्ते, उनके अर्थ.
पंचमी -	उससे.	उन दोनोंसे.	उनसे.
षष्ठी-	उसका[1] उसकी.	उन दोनोंका, उन दोनोंकी.	उनका उनकी.
सप्तमी-	उसमें, उसके विषे.	उन दोनोंमें, उन दोनोंके विषे.	उनमें, उनके विषे.
संबो०-	हे, अयि, अगा, रे, भो, अये.	अहो, हो, ओ.	अहा, भो, हो, ओ.

१ हिंदीभाषामें पुँल्लिङ्ग और नपुंसकलिंग शब्दोंका अर्थ एक सरीखाही होताहै

ये विभक्तियां जिस जिस शब्दसे कीजायँ, उस उस शब्दके अर्थ ऐसे करते जायँ. जैसा—रामः—राम जो है सो (प्रथमा. रामं-राम जो है उसको (द्वि०) रामेण—राम करिकै (तृ०) रामाय—रामके लिये, (च०) रामात्—रामसे, (प०) रामस्य—रामका, (ष०) रामे—राममें, रामके विषे. (स०) हे राम ! —हे राम, अयि राम, अगा राम, अरे राम रे राम, भो राम, अये राम. (सं०) इस रीतिसे द्विवचन, तथा बहुवचन जानना. और दूसरेभी सब शब्दोंका अर्थ करना. अध्यापकको उचितहै कि, इस रीतिसे पुंलिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग शब्दोंके विभक्त्यर्थ, शिष्योंको अवश्य सिखलावें, जिससे वे अनेक अनेक शब्दोंके अर्थ करते जायँ.

विशेष शब्दोंके रूप और उनके अर्थ.

	अस्मद् (मैं).	युष्मद् (तू)
प्रथमा	अहं—मैं.	त्वं—तू.
	आवां—हम दोनों.	युवां—तुम दोनों.
	वयं—हम.	यूयं—तुम.
द्वितीं०	मां, मा—मुझकूं, मेरेकूं.	त्वां, त्वा—तुझकूं, तेरेकूं.
	आवां, नौ—हम दोनोंकूं.	युवां, वां—तुम दोनोंकूं.
	अस्मान्, नः—हमकूं.	युष्मान्, वः—तुमकूं.
तृती०	मया—मैंने, मेरे करिकै, मेरेसे.	त्वया—तैंने, तेरे करिकै, तेरेसे.
	आवाभ्यां—हम दोनोंने, हम दोनों करिकै, हम दोनोंसे.	युवाभ्याम्—तुम दोनोंने, तुम दोनों करिकै, तुम दोनोंसे.
	अस्माभिः—हमने, हमकरिक, हमारेसे.	युष्माभिः-तुमने, तुम करिकै, तुमसे.

	मह्यं,मे—मुझकूं,मेरेकूं, मेरे अर्थ, मेरे वास्ते.	तुभ्यं,ते—तुझकूं,तेरेकूं, तेरे अर्थ, तेरेवास्ते.
	आवाभ्यां, नौ—हम दोनोंकूं, हम दोनोंके अर्थ, हम दोनोंके वास्ते.	युवाभ्याम्, वां—तुम दोनोंकूं, तुम दोनोंके दोनोंके अर्थ, तुम दोनोंके वास्ते.
चतु०	अस्मभ्यं,नः—हमकूं, हमारे अर्थ,हमारे वास्ते.	युष्मभ्यं,वः—तुमकूं,तुम्हारे अर्थ, तुम्हारे वास्ते.
	मत्—मेरेसे,मेरी अपेक्षासे, मेरे पाससे.	त्वत्—तेरेसे, तेरी अपेक्षासे, तेरे पाससे.
	आवाभ्याम्—हम दोनोंसे,हम दोनोंकी अपेक्षासे,हम दोनोंके पाससे.	युवाभ्याम्—तुम दोनोंसे, तुम दोनोंकी अपेक्षासे, तुम दोनोंके पाससे.
पञ्चमी	अस्मत्-हमसे, हमारीअपेक्षासे. हमारे पाससे.	युष्मत्-तुमसे,तुम्हारी अपेक्षासे, तुम्हारे पाससे.
	मम, मे—मेरा—री—रा-, मुझकूं,मेरेकूं, मोकूं.	तव, ते—तेरा—री—रा, तुझकूं, तेरेकूं, तोकं.
	आवयोः, नौ—हम दोनोंका-की-को-का, हम दोनोंकूं.	युवयोः, वां—तुम दोनोंका-की-को—का, तुम दोनोंकूं.
षष्ठी	अस्माकं, नः—हमारा, री-रा-हमकूं.	युष्माकम्, वः—तुम्हारा—री रा-तुमकूं.

१ पंचमीमें 'आ' उपपद लगनेसे 'तक तलक' यहभी अर्थ होताहै.

सप्तमी. { मयि-मेरेविषे,मेरेमें. त्वयि तेरेविषे—तेरेमें
आवयोः—हम दोना- युवयोः—तुम दोनोंविष,तुम दोनोंमें.
विषे,हम दोनोंमें.
अस्मासु—हमारे विषे, युष्मासु—तुम्हारे विषे, तुम्हारेमें,
हमारेमें, हममें. तुममें.

इन शब्दोंकूं संबोधन होता नहीं.

८ संस्कृत भाषामें अव्यय शब्दोंसे विभक्ति होती नहीं.—अव्यय—तीनों लिंगोंमें, प्रथमादिक सर्व विभक्तियोंमें, और तीनोंभी वचनोंमें एकसरीखाही रहता है. रूपांतर पातानहीं. जैसा—स्वर्, अंतर्, प्रातर्—च, वा, ह, हि, खलु, किं, एव, एवं, ननु, नूनं—इत्यादि.

९ संस्कृतभाषामें क्रियापदोंमें सर्व वाक्यको पूर्णता होती है. क्रियापदोंके अनेक प्रयोग होते हैं. सो समझना कठिन है. इस पुस्तकमें जहां तहां क्रियापदोंके शब्दोंका अर्थ शब्दकोशमें दिये है. क्रियापदोंका साधारण ज्ञान धातुरूपावली पढनेसे होगा.

१० क्रियावाचक शब्दोंकूं 'धातु' ऐसा कहते हैं. तिन धातुओंसे कर्ता, कर्म और भाव (अर्थात् शुद्ध धातुका अर्थ) इन्होंमें ये नीचे लिखेहुए प्रत्यय होतेहैं—

		एकवचन	द्विचन	बहुवचन
परस्मैपदी	प्रथमपुरुष—	तिप्	तस्	(झि) अंति
	मध्यमपुरुष—	सिप्	थस्	थ
	उत्तमपुरुष—	मिप्	वस्	मस्

		एकवचन	द्विचन	बहुवचन.
आत्मनेपदी.	प्रथमपुरुष—	त (ते)	आताम् (आते)	झ (अंते)
	मध्यमपुरुष—	थास् (से)	आथाम् (आथे)	ध्वम् ध्वे)
	उत्तमपुरुष—	इ (ए)	वहि (वहे)	महि (महे)

ये प्रत्यय वर्तमानकाल,भूतकाल, भविष्यकाल, आज्ञार्थ, विध्यर्थ क्रियातिपत्ति इन्होंमें कुछकुछ बदलजातेहै. जैसा—कहां कहां इन्होंकूं भिन्नभिन्न प्रकारके आदेश होतेहैं.तिससे इन्होंके रूप मूलरूपोंसे बदलजातेहैं, यह समझना कठिनहै. इस लिये प्रथम केवल धातुरूपावली पढके मुख्य मुख्य धातुओंके क्रियापदोंके रूप समझलेना और शिक्षकने विद्यार्थियोंको सिखाना.

११ संस्कृत वाक्योंके अंतमें क्रियापदोंका प्रयोग किया जाताहै. वे क्रियापद धातुओंके रूप हैं. व्याकरण शास्त्रमें धातुओंके अनेक तरहके रूप चलाये हैं. परंतु प्रायःकरिकै बहुतही वाक्योंमें 'कृ, भू और अस्' इन धातुओंका प्रयोग किया करतेहैं; इसवास्ते उन तीन धातुओंका अर्थसहित रूपाख्यान नीचे दियाहै. उससे समझलेना.—

कृ—धातु (परस्मैपदी सकर्मक) करना.

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	[एकवचन]	[द्वि० बहुवचन]
			लट			
वर्तमान-काल	प्रथमपुरुष	करोति	कुरुतः	कुर्वन्ति	(वो) करताहै.	(वे) करतेहैं.
	मध्यमपुरुष	करोषि	कुरुथः	कुरुथ	(तू) करताहै.	(तुम) करतेहो.
	उत्तमपुरुष	करोमि	कुर्वः	कुर्मः	(मैं) करताहूं.	(हम) करतेहैं.
			लिट्			
अनद्यतन परोक्ष भूतकाल	प्रथमपुरुष	चकार	चक्रतुः	चक्रुः	(वो) करताभया.	(वे) करतेभये.
	मध्यमपुरुष	चकर्थ	चक्रथुः	चक्र	(तू) "	(तुम) "
	उत्तमपुरुष	चकार,चकर	चक्रिव	चक्रिम	(मैं) "	(हम) "

१टीप—संस्कृतभाषामें द्विवचन तथा बहुवचनका प्रयोग पृथक् २ होताहै; परंतु हिंदीभाषामें द्विवचन तथा बहुवचनका अर्थ एकही होताहै.

				[ए०व०]	[द्वि०व०व०]
		लुट्			
अनद्यतन भविष्यकाल	प्र०— कर्ता	कर्तारौ	कर्तारः	(वो) करेगा.	(वे) करेंगे.
	म०— कर्तासि	कर्तास्थः	कर्तास्थ	(तू) "	(तुम) करोगे.
	उ०— कर्तास्मि	कर्तास्वः	कर्तास्मः	(मैं) करूंगा	(हम) करेंगे.
		लृट्			
भविष्यकाल	प्र०— करिष्यति	करिष्यतः	करिष्यंति	(वो) करेगा.	(वे) करेंगे.
	म०— करिष्यसि	करिष्यथः	करिष्यथ	(तू) "	(तुम) करोगे
	उ०— करिष्यामि	करिष्यावः	करिष्यामः	(मैं) करूंगा.	(हम) करेंगे
		लोट्			
विध्यर्थ आज्ञार्थ	प्र०— करोतु,कुरुतात्	कुरुतां	कुर्वंतु	(वो) करे.	(वे) करें.
	म०— कुरु,कुरुतात्	कुरुतं	कुरुत	(तू) कर.	(तुम) करो.
	उ०— करवाणि	करवाव	करवाम	(मैं) करू.	(हम) करें.
		लङ्			
अनद्यतन भूतकाल	प्र०— अकरोत्	अकुरुताम्	अकुर्वन्	(वो) करताभया.	(वे) करतेभये.
	म०— अकरोः	अकुरुतम्	अकुरुत	(तू) "	(तुम) "
	उ०— अकरवम्	अकुर्व	अकुर्म	(म) "	(हम) "

				[ए० व०]	[द्वि० व० व०]
		विधिलिङ्			
विध्यर्थ	प्र०— कुर्यात्	कुर्यातां	कुर्युः	(वो) करे.	(वे) करें.
	म०— कुर्याः	कुर्यातं	कुर्यात	(तू) कर.	(तुम) करो.
	उ०— कुर्याम्	कुर्याव	कुर्याम	(मैं) करूं.	(हम) करें.
		आशीर्लिङ्			
आशीरर्थ	प्र०— क्रियात्	क्रियास्तां	क्रियासुः	(वो) करे.	(वे) करें.
	म०— क्रियाः	क्रियास्तं	क्रियास्त	(तू) कर.	(तुम) करो.
	उ०— क्रियासं	क्रियास्व	क्रियास्म	(मैं) करूं.	(हम) करें.
		लङ्			
भूतकाल	प्र०— अकार्षीत्	आकार्ष्टाम्	अकार्षुः	(वो) करताभया.	(वे) करतभये.
	म०— अकार्षीः	अकार्ष्टम्	अकार्ष्ट	(तू) ,,	(तुम) ,,
	उ०— अकार्षम्	अकार्ष्व	अकार्ष्म	(मैं) ,,	(हम) ,,
		लृङ्			
क्रियातिपत्ति	प्र०— अकरिष्यत्	अकरिष्यताम्	अकरिष्यन्	(वो) करेगा.	(वे) करेंगे.
	म०— अकरिष्यः	अकरिष्यतम्	अकरिष्यत	(तू) ,,	(तुम) करोगे.
	उ०— अकरिष्यम्	अकरिष्याव	अकरिष्याम	(मैं) करूंगा	(हम) करेंगे.

१ यह क्रियापद दूसरे क्रियापदसे साकांक्ष रहताहै. जैसा—'यदि वृष्टिरभविष्यत्;तदा सुभिक्षमभविष्यत्' 'जो बरसात होगी; तो सुभिक्ष होगा.'

कृ–धातु (आत्मनेपदी सकर्मक) करना.

लट्

वर्तमानकाल	प्र०–	कुरुते	कुर्वाते	कुर्वते
	म०–	कुरुषे	कुर्वाथे	कुरुध्वे
	उ०–	कुर्वे	कुर्वहे	कुर्महे

लिट्

अनद्यतन परोक्षभूतकाल	प्र०–	चक्रे	चक्राते	चक्रिरे
	म०–	चकृषे	चक्राथे	चकृढ्वे
	उ०–	चक्रे	चकृवहे	चकृमहे

लुट्

अनद्यतन भविष्यकाल	प्र०–	कर्ता	कर्तारौ	कर्तारः
	म०–	कर्तासे	कर्तासाथे	कर्ताध्वे
	उ०–	कर्ताहे	कर्तास्वहे	कर्तास्महे

१ इसकेभी अर्थ पूर्ववत् समझना.

लृट्

भविष्यकाल	प्र०— करिष्यते	करिष्येते	करिष्यन्ते
	म०— करिष्यसे	करिष्येथे	करिष्यध्वे
	उ०— करिष्ये	करिष्यावहे	करिष्यामहे

लोट्

विध्यर्थ आज्ञार्थ	प्र०— कुरुतां	कुर्वातां	कुर्वताम्
	म०— कुरुष्व	कुर्वाथां	कुरुध्वम्
	उ०— करवै	करवावहै	करवामहै

लङ्

अनद्यतन भूतकाल	प्र०— अकुरुत	अकुर्वाताम्	अकुर्वत
	म०—अकुरुथाः	अकुर्वाथाम्	अकुरुध्वम्
	उ०—अकुर्वि	अकुर्वहि	अकुर्महि

लिङ्

विध्यर्थ	प्र०— कुर्वीत	कुर्वीयातां	कुर्वीरन्
	म०— कुर्वीथाः	कुर्वीयाथां	कुर्वीध्वम्
	उ०— कुर्वीय	कुर्वीवहि	कुर्वीमहि

आशीर्लिङ्

आशीरर्थ	प्र०— कृषीष्ट	कृषीयास्तां	कृषीरन्
	म०— कृषीष्टाः	कृषीयास्थां	कृषीध्वम्
	उ०— कृषीय	कृषीवहि	कृषीमहि

लुङ्

भूतकाल	प्र०— अकृत	आकृषाताम्	अकृषत
	म०— अकृथाः	अकृषाथाम्	अकृढ्वम्
	उ०— अकृषि	अकृष्वहि	अकृष्महि

लृङ्

क्रियातिपत्ति	प्र०— अकरिष्यत	अकरिष्येताम्	अकरिष्यंत
	म०— अकरिष्यथाः	अकरिष्येथाम्	अकरिष्यध्वम्
	उ०— अकरिष्ये	अकरिष्यावहि	अकरिष्यामहि

भू–धातु (परस्मैपदी अकर्मक) होना.

वर्तमानकाल	प्र०–भवति	भवतः	भवंति	(वो) होता है.	(वे) होतेहैं.
	म०–भवसि	भवथः	भवथ	(तू) ”	(तुम) होतेहो
	उ०–भवामि	भवावः	भवामः	(मैं) होताहूं.	(हम) होतेहैं
		लिट्			
अनद्यतन परोक्षभूतकाल	प्र०–बभूव	बभूवतुः	बभूवुः	(वो) होताभया.	(वे) होतेभए.
	म०–बभूविथ	बभूवथुः	बभूव	(तू) ”	(तुम) ”
	उ०–बभूव	बभूविव	बभूविम	(मैं) ”	(हम) ”
		लुट्			
अनद्यतन भविष्यकाल	प्र०–भविता	भवितारौ	भवितारः	(वो) होगा.	(वे) होंगे.
	म०–भवितासि	भवितास्थः	भवितास्थ	(तू) ”	(तुम) होवोगे
	उ०–भवितास्मि	भवितास्वः	भवितास्मः	(मैं) होऊंगा.	(हम) होवेंगे
		लृट्			
भविष्यकाल	प्र०– भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यंति	(वो) होगा.	(वे) होंगे.
	म०– भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ	(तू) ”	(तुम) होवोगे
	उ०– भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः	(मैं) होऊंगा.	(हम) होवेंगे

लोट्

विध्यर्थ आज्ञार्थ	प्र०— भवतु,भवतात्	भवतां	भवंतु	(वो) होउ.	(वे) होवों.
	म०— भव,भवतात्	भवतं	भवत	(तू) हो	(तुम) होवो
	उ०— भवानि	भवाम	भवाम	(मैं) होऊं	(हम) होवें

लङ्

अनद्यतन भूतकाल	प्र०—अभवत्	अभवताम्	अभवन्	(वो) होताभया.	(वे) होतेभये.
	म०—अभवः	अभवतम्	अभवत	(तु) ”	(तुम) ”
	उ०—अभवम्	अभवाव	अभवाम	(म) ”	(हम) ”

विधिलिङ्

विध्यर्थ	प्र०— भवेत्	भवेतां	भवेयुः	(वो) होउ.	(वे) होवे.
	म०— भवेः	भवेतं	भवेत	(तू) हो.	(तुम) होवो
	उ०— भवेयं	भवेव	भवेम	(मैं) होऊं.	(हम) होवें

आशीर्लिङ्

आशीरर्थ	प्र०—भूयात्	भूयास्तां	भूयासुः	(वो) होउ.	(वे) होवें.
	म०—भूयाः	भूयास्तं	भूयास्त	(तू) होउ.	(तुम) होवो.
	उ०—भूयासं	भूयास्व	भूयास्म	(मैं) होउँ.	(हम) होवें.

लुङ्

भूतकाल	प्र०—अभूत्	अभूताम्	अभूवन्	(वो) होताभया.	(वे) होतेभये.
	म०—अभूः	अभूतम्	अभूत	(तू) ”	(तुम) ”
	उ०—अभूवम्	अभूव	अभूम	(मैं) ”	(हम) ”

लृङ्

क्रियातिपत्ति	प्र० अभविष्यत्	अभविष्यताम्	अभविष्यन्	(वो) होगा.	(वे) होंगे.
	म० अभविष्यः	अभविष्यतम्	अभविष्यत	(तू) ”	(तुम) होगे.
	उ० अभविष्यम्	अभविष्याव	अभविष्याम	(मैं) होऊंगा.	(हम) होवेंगे

[1]अस्-धातु (परस्मैपदी अकर्मक) होना.

वर्तमानकाल	प्र०— अस्ति	स्तः	संति	इस धातुके सब क्रियापदोंका अर्थ 'भू' धातुके क्रियापदोंके अर्थ सरीखा करना.
	म०— असि	स्थः	स्थ	
	उ०— अस्मि	स्वः	स्मः	
विध्यर्थ	प्र०— अस्तु, स्तात्	स्तां	संतु	
	म०— एधि, स्तात्	स्तं	स्त	
	उ०— असानि	असाव	असाम	
भूतकाल.	प्र०— आसीत्	आस्ताम्	आसन्	
	म०— आसीः	आस्तम्	आस्त	
	उ०— आसम्	आस्व	आस्म	
विध्यर्थ	प्र०— स्यात्	स्यातां	स्युः	
	म०— स्याः	स्यातं	स्यात	
	उ०— स्यां	स्याव	स्याम	

१ अस्, धातुके रूप लिट् लुट् आशीर्लिङ् और लुङ् इन प्रत्ययोंमें 'भू' धातुके रूप सरीखे चलना जैसे--लिट्-बभूव इत्यादि लुट्--भविता इ० लट्--भविष्यात इ० आशीर्लिङ्--भूयात् इ०लङ् अभविष्यत् इ०पूर्ववत् जानिलेना.

११ कितनेक शब्द क्रियापदोंसे होते हैं. उनको 'कृदंतशब्द' ऐसा कहते हैं. उनका अर्थ क्रियापदोंकासा बोलना. और वे विशेषणभी होते हैं, इसवास्ते उन्होंका विशेषणका अर्थभी बोलना. परंतु उन्होंके रूप नामोंके रूपसरीखेही चलते हैं. और इन्होंके लिंग विशेष्यवाचक शब्दोंके लिंगके अनुसार होते हैं- जैसे—गन्तव्य, वक्तव्य, कर्तव्य इत्यादि. उन्होंके अर्थ—जानेयोग्य, बोलनेयोग्य, करनेयोग्य इत्यादि—इन्होंके रूप-गंतव्यं, गंतव्ये, गंतव्यानि. गंतव्यः, गंतव्यौ, गंतव्याः, गन्तव्या, गन्तव्ये. इत्यादिक शब्दरूपावलीके अनुसार समझना.

१२कितनेक कृदंतशब्द शुद्ध धातुके अर्थमेंही रहते हैं; उन्होंके रूप नपुंसकलिंग प्रथमाके एकवचनांतही रहते हैं. जैसे—गन्तव्यम्, उत्थातव्यम् इत्यादिकशब्दोंका—जाना, उठके खडे होना इत्यादिक अर्थ, और नपुंसकलिंग प्रथमैकवचनांतकासा प्रयोग है.

१३ कितनेक शब्द, धातुओंसे उत्पन्न होते हैं. उनके लिंग नियतही रहते हैं. जैसे—पुं० वसंत,देश,स्त्री०अप्, भित्ति, न०भोजन, प्रयोजन, दर्शन, प्रमाण इत्यादिक शब्द हैं. ऐसे यह शब्द एक एक लिंगमेंही रहते हैं.

१४ कितनेक शब्द विशेषण रहते हैं. उनका प्रयोग या अर्थ बहुत करिके विशेष्यवाचकशब्दसे पहलेही कियाजाता है. परंतु कहां कहां वाक्यमें विशेष्यके पीछे विशेषणवाचकशब्द आता है, उसको विधिविशेषण कहते हैं. वहां उन विधिविशेषणोंका अर्थ विशेष्यवाचकशब्दोंके अर्थ बोलनेके पश्चात् बोलना. जैसे—"देवदत्तो ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति"—देवदत्तनामक कोई एक पुरुष गामको जाता हुआ घासको छूता है.

१५ कहां कहां षष्ठीका 'अनादर' अर्थ होता है. वहां 'संते' ऐसा उस षष्ठ्यंत शब्दके अर्थ बोलनेके पश्चात् लगाना. जैसे—"पश्यतो हरः"

देखते संते चोर और कहां कहां सप्तमीका अर्थ "संते" ऐसा लगाकर होता है, इसको, 'सतिसप्तमी' ऐसी बोलनेकी परंपरा है. जैसा—'शासति महीं राज्ञि सर्वे लोका नन्दन्ते' राजा पृथ्वीको शासन करतसंते लोक सुखी होते हैं. कहां 'सति' इस पदका साक्षात्भी प्रयोग कियाजाता है जैसे—'पथ्ये सति गदार्तस्य किमौषधनिषेवणैः' पथ्य (करत) संत रोगीको औषध लेनेसे क्या ?

इति शिक्षोपदेशः ।

प्रथमः पाठः १.

नित्यसामान्यकृत्योपदेशः ।

संस्कृतवाक्यानि—	प्राकृतवाक्यानि—
सूर्योदयात् प्राक् उत्थातव्यम्	सूर्यके उदयसे प्रथम उठना.
पश्चात् गुर्वादीनाम् अभिवादनं कर्तव्यम्	फिर गुरु पिताआदिकोंको नमस्कार करना.
तत्समये इति वक्तव्यम्	उस समयमें ऐसा कहना.
भोः अभिवादये (अमुक) नाहम्	अहो (अमुक) नामवाला मैं नमस्कार करताहूं.

---

१ इन वाक्योंमें जितने शब्द गये हैं. और आगेके वाक्योंमें विभक्ति लगाये, तथा शब्दकोशमें मूलरूपसे दिखाये जितने शब्द आवेंगे; वे सब अर्थसहित पाठ करे. और इन्होंके लिंग समझलेवें. फिर जब कोई वाक्य बोलनेका होवे, तब इन शब्दोंको अर्थके अनुसार विभक्ति लगाकर वाक्यरचना करतेजाँय यह वाक्यरचनाका प्रकार शिक्षकोंनें अपने विद्यार्थियोंकूं अच्छी रीतिसें समझा देना चाहिये. जिससे वे अशुद्ध प्रयोग करें नहीं. २ इस वाक्यमें (**अमुक**) जिस जगह हैं, वहां जो नमस्कार करनेवाला हो, उसने अपने नामका उच्चार करना. जैसे कि—"भोः अभिवादये (**देवदत्त**) नामाहम्"

ततः शरीरशुद्धये मलोत्सर्जनार्थं च ग्रामात् बहिःनिर्जनस्थले गन्तव्यम्	फिर शरीरकी शुद्धि और मलमूत्र के त्याग करनेके लिये गामसे बाहर जहां मनुष्य न हों वहां जाना.
तत्काले शुद्धजलं गृहीत्वा मूत्राद्युसर्गं कुर्यात्	उस समय शुद्धजल लेकर मूत्रादिकोंका त्यागकरे.
पश्चात् षोडशगण्डूषैः मुखशुद्धिं कुर्वीत	फिर सोलह गंडषों (कुल्लाओं) से मुखकी शुद्धि करे.
अनंतरं दन्तधावनम् आचरेत्	फिर दाँतौन करे.
तदनंतरं नद्यां स्नानं कर्तव्यम्	तिसके अनंतर नदीमें स्नान करना.
अथवा कूपजलेन स्नायात्	किंवा कूवेके पानीसे स्नानकरे.
स्नात्वा संध्याम् उपासीत	स्नानकरके संध्याकी उपासना करे.
ततो देवान् नमस्कुर्यात्	फिर देवोंको नमस्कार करे.
देवानां पूजा कर्तव्या	देवोंकी पूजा करनी.
अनंतरं भोजनं कुर्वीत	फिर भोजन करे.
मांसं न भक्षयेत्	मांसको खावे नहीं.
सुरां न पिबेत्	मद्यको पीवे नहीं.
असत्यं न वदेत्	झूँठ बोले नहीं.
स्वधर्मं न त्यजेत्	अपने धर्मको छोडे नहीं.
एष वैदिकः सनातनो धर्मः	यह वेदमें कहा हुआ धर्म सनातन कालका है.

शब्दकोश १.

सूर्योदय– [नाम] सूर्यका उदय, प्रातःकाल, सवेरा, प्रभात.

प्राक्– [अव्यय] पहले, प्रथम, आगे, आगेसे.

उत्थातव्य– [कृदंतनाम] उठना, जागना, खडेरहना.

पश्चात्– [अ०] फिर.

गुर्वादि– [ना०] बडे, माता, पिताआदिक.

अभिवादन– [ना०] नमस्कार

कर्त्तव्य– [कृ०ना०] करना

तत्समय– [ना०] उसकाल.

इति– [अ०] इसरीतिसे, ऐसा.

वक्तव्य– [कृ०ना०] बोलना.

भोः– [अ०] अहो !

अभिवादये– [क्रियापद] नमस्कार करताहूं.

ततः–[अ०] तिसके पीछे.

शरीरशुद्धि– [ना०] देहकी स्वच्छता.

मलोत्सर्जन– [ना०] मैलका छोडना.

ग्राम– [ना०] गाम

बहिः– [अ०] बाहर.

निर्जनस्थल– [ना०] जहा कोई आदमी नहीं ऐसी जगह.

गन्तव्य– [कृ०ना०] जाना.

तत्काल– [ना०] उससमय.

शुद्धजल [ना०] स्वच्छ पानी.

गृहीत्वा– [कृ० अ०] लेकर.

मूत्राद्युत्सर्ग– [ना०]मूत्रआदिकोंका छोडना.

कुर्यात् [क्रि०] करे.

गण्डूष– [ना०] कुरला, कुल्ला

मुखशुद्धि [ना०] मुखकी स्वच्छता.

कुर्वीत– [क्रि०] करे.

अनंतरम्– [अ०] पीछे.

दन्तधावन [ना०] दाँतोन.

आचरेत्– [क्रि०] करे.

तदनंतरम्–[अ०]तिसके पीछे.

कूपजल–[ना०] कूवाका पानी.

स्नायात्– [क्रि०] स्नानकरे.

स्नात्वा– [कृ०अ०] न्हायके.

संध्या– [ना०] जिसमें भगवानका ध्यान कियाजाताहै, ऐसा कर्म.

उपासीत–[क्रि०]करे, सेवनकरे.

देव–[ना०] देवता.
नमस्कुर्यात्[क्रि०]नमस्कारकरे.
न–[अ०] नहीं.
भक्षयेत्–[क्रि०] खावे.
सुरा–[ना०] मद्य.
पिबेत्–[क्रि०] पीवे.
असत्य–[ना०] झूंठ
वदेत्–[क्रि०] बोले.

स्वधर्म–[ना०] अपने बाप दादा और अपन जो आचार पालते हैं वह.
त्यजेत्–[क्रि०] छोडे.
वैदिक–[ना०] वेदमें कहाहुआ.
सनातन–[ना०] पुरातन कालसे आयाहुवा.
धर्म–[ना०] आचार.

द्वितीयः पाठः २.

पाठशालोपदेशः ।

संस्कृतवाक्यानि–	प्राकृतवाक्यानि
प्रत्यहं पाठशालां प्रति गंतव्यम्	दररोज पाठशालामें जाना.
तत्र आदौ गुरूनभिवंद्य विद्या अध्येतव्या	तहां प्रथम गुरुको नमस्कार करके विद्या पढना.
गुरोः सकाशात् विद्याग्रहणप्रकारस्त्रिधा	गुरुके पाससे विद्या लेनेके प्रकार तीन हैं.
गुरोः शुश्रूषया	गुरुकी सेवा करिकै.
वा द्रव्यदानेन	अथवा द्रव्यके देनेसे.
अथवाऽन्यया विद्यया	अथवा दूसरी विद्या गुरुको देनेसे.
शालायां गुरुसमीपे अध्ययनं दृढं भवति	शालामें गुरुके पास पढना दृढ होता है.
गृहे स्थित्वा यदध्ययनं तत् शिथिलं भवति	घरमें रहकर जो पढना है, सो शिथिल (ढीला) होता है.

अस्यां पाठशालायां बहवो विद्यार्थिन आयांति	इस पाठशालामें बहुत विद्यार्थी आते हैं.
तेषां तु केचन विद्यार्थिनो वेदस्याध्ययनं कुर्वंति	तिनमें तो कोई विद्यार्थी वेदका अध्ययन करतेहैं.
कतिपये च विद्यार्थिनः व्याकरणशास्त्रम् अधीयते	कितनेक विद्यार्थी व्याकरणशास्त्रको पढते हैं.
तथा केचन तर्कशास्त्रं पठंति	तैसे कोई विद्यार्थी तर्कशास्त्र पढते हैं.
तथा तेषां मध्ये कतिपये वेदांतशास्त्रं पठंति	तैसे तिन्होंके मध्यमें कितनेक वेदांतशास्त्रको पढते हैं.
एवं सर्वे विद्यार्थिनः शास्त्राध्ययनकर्तारः संति	इसरीतिसे सर्व विद्यार्थी शास्त्र पढनेवाले हैं.
अस्याः पाठशालायाः समीपे आंग्लपाठशालास्ति	इस पाठशालाके पास अंग्रजी स्कूल है.
तत्र विद्यार्थिनः आंग्लभौमभाषां पठंति	वहां विद्यार्थी अंग्रजी भाषा सीखते हैं.
तत्र चंन्द्रशेखरो विद्यार्थी पंञ्चमं पुस्तकं पठति	वहां चन्द्रशेखरनामक विद्यार्थी पांचवाँ पुस्तक पढता है.
एकमासेन परीक्षा भविष्यति	एक महीनेसे परीक्षा होगी.
अस्यां परीक्षायां दश विद्यार्थिनः उत्तीर्णाः	इस परीक्षामें दश विद्यार्थी पास हुए.
विद्यैवैकं धनं सर्वधनेषु श्रेष्ठम्	विद्या यही एक धन सर्व धनमें श्रेष्ठहै.
तद्यथा	वह ऐसा.
दस्युभिः न ह्रियते	चोरोंसे नहीं छीनाजाता है.

१ इस नामके जगह चाहिये सो नामभी लगाना. ऐसा जहां चाहिये वहां सर्वत्रभी करना । २ इस शब्दके जगह चाहिये सो संख्यावाचक शब्द धरना ।

राजापि ग्रहीतुं न शक्नोति	राजा भी लेनेको नहीं सकताहै.
भ्रातृभिरपि न भुज्यते	भाइयोंसे भी नहीं भोगाजाताहै.
भारोपि न भवति	बोझा भी नहीं होताहै.
यथा रूप्यकादिधनं दानेन विनश्यति तथा इदं विद्याधनं दाने कृते कदापि न विनश्यति	जैसा रुपयाआदिक द्रव्य दानसे नष्ट होताहै. तैसा यहविद्याधन दान किया तोभी कभीभी नाश पातानहीं.
किंतु नित्यं व्यये कृते वर्धते एव	तो नित्य खर्च करतेभी बढताहीहै.
तस्माद्विद्याऽध्येतव्या	तिसवास्ते विद्या पढना.
विद्यैव नृणां भूषणम्	विद्याही मनुष्योंका भूषण है.

शब्दकोश २.

पाठशाला-शाला, पढनेकी जगह.	समीप—पास, नजदीक.
तत्र—तहां.	दृढ—मजबूत.
अभिवंद्य—नमस्कारकरिके.	स्थित्वा—रहकर.
विद्या—ज्ञान, ज्ञानका ग्रंथ.	शिथिल—ढीला,ढीली.
अध्येतव्या—पढने योग्य.	भवति—होता, ती-है.
सकाशात्—पाससे.	बहु—बहुत.
विद्याग्रहणप्रकार—ज्ञान सीखनेकी रीति.	विद्यार्थिन्—विद्यासीखनेकी इच्छाकरनेवाले.
त्रिधा—तीन प्रकारसे.	अधीयते—पढतेहैं.
शुश्रूषा—सेवा चाकरी.	तथा—तैसे.
द्रव्यदान—धन देना.	केचन—कोईएक.
अन्या—दूसरी.	तर्कशास्त्र—न्यायशास्त्र.

पठंति—पढतेहैं.
कतिपये—कितनेक.
सर्व—सब.
शास्त्राध्ययनकर्तृ—शास्त्रका पठन करनेवाले.
संति—हैं.
आंग्लपाठशाला—अँग्रेजीस्कल.
आंग्लभौमभाषा—अँग्रेजीभाषा.
चन्द्रशेखर—चंद्रशेखरनामक.
पञ्चम—पाँचवाँ.
पुस्तक—इयत्ता, ग्रंथ.
पठति—पढताहै.
एकमास—एक महीना.
परीक्षा—इम्तिहान, चौकसी.
भविष्यति—होगी.
दशन्—दश.
उत्तीर्ण—उतरा, उतराहुआ, पास हुआ.
एव—ही, निश्चय.
श्रेष्ठ—उत्तम.
यथा—जैसा कि.
दस्यु—चोर.
ह्रियते—हरणकियाजाताहै.
राजन्—राजा.
अपि—भी, समुच्चय, निंदा.
ग्रहीतुं—लेनको.
शक्नोति—सक्ताहै.
भ्रातृ—भाई.
भुज्यते—उपभोग किया जाताहै.
भार—बोझा.
रूप्यकादिधन—रुपैया आदिक द्रव्य.
विनश्यति—नष्ट होताहै.
कृत—किया, कियाहुआ.
कदापि—कभीभी.
व्यय—खर्च.
वर्धते—बढताहै.
नृ—मनुष्य.
भूषण—अलंकार.

तृतीयः पाठः ३.

मित्रसंगमोपदेशः ।

संस्कृतवाक्यानि–	प्राकृतवाक्यानि–
भो मित्र ! कुत आगतोसि ?	अहो मित्र ! तू कहांसे आया है ?
एहि स्वागतं ते	आ, तेरा अच्छा आना हुआ.
सुदिनमद्य भवत्समागमेन	आज आपके समागमसे अच्छा दिवस हुआ.
किमधीतमेतावत्कालपर्यंतं ?	इतने समयतक क्या अध्ययन किया?
कस्मिन्विषयेऽभ्यासः कृतः ?	कौनसे विषयमें अभ्यास किया ?
यत् अधीतं तत् दृढम् अस्ति न वा ?	जो अध्ययन किया वह दृढ (मजबूत) है, या नहीं ?
मम विद्या तु दृढा अस्ति	मेरी विद्या तौ दृढ (मजबूत) है.
प्रत्यहं च अधीये अद्यापि	आजतक दररोज पढताहूं.
तेन मे विद्या प्रतिदिनं सज्जी-भवति	तिस करिकै मेरी विद्या रोजके रोज तैयार होतीहै.
त्वमपि विद्यायाम् अभ्यासं कुरु	तूभी विद्यामें अभ्यास कर.
तेन ते सज्जा विद्या भविष्यति	तिस करिकै तेरी विद्या तैयार होगी
अस्माकं गुरुः नः पाठान् प्रति-दिनं पृच्छति	हमारा गुरु हमसे दररोज पाठ पूछता है.
तथा युष्माकं पृच्छति न वा ?	तैसा तुम्हारा पूछता है या नहीं ?
विद्या तु गुरुशुश्रूषाम् अंतरा न सिध्यति	विद्या तौ गुरुकी सेवा, करे विना सिद्ध नहीं होती.
अतः नित्यं गुरुं परिचरेत्	इस वास्ते हमेशः गुरुको सेवे.
तुष्टे गुरौ किं दुर्लभं ?	गुरु संतुष्ट हुए संते फिर क्या दुर्लभ है ?

पाठसमये च निरर्थकं वचनं न वदेत्	पाठ लेनेके समय व्यर्थ भाषण करे नहीं.
यदा गुरुर्भाषेत तदा तत् श्रोतव्यमेव	जब गुरु बोले, तब वह सुननाही.
रुष्टे गुरौ न किंचित्प्रत्युत्तरं दद्यात्	गुरुको क्रोध आनेपर कुछभी उलटा जबाब देना नहीं.
एतदेव युष्माकं अस्माकम् च हितम्	यहही तुम्हारा और हमारा कल्याण है.
इतोऽन्यः पंथाः न विद्यते	इससे दूसरा मार्ग नहीं.
शालायां सर्वेभ्यः प्रागेव गन्तव्यम्	शालामें सबसे प्रथमही जाना.
गत्वा च तत्र पठनीयान् पाठान् पुनः पुनरावृत्त्या मुखोद्गतान् कुर्यात्	और तहां जाकर जो पाठ पढनेके हैं, वे फिर फिर आवृत्ति (संथा) देकर मुखपाठ करे.
गुरुणा पृष्ट एव दक्षतया उत्तरं दद्यात्	गुरुकेपछतेही ढीठाईसे उत्तरदेवे.
अपृष्ट न किंचिद्वदेत्	नहीं पूछते कुछ न बोले.
सत्यां पाठशंकायां नम्रतया पृच्छेत्	पाठमें शंका होय तो विनयसे पूछे.
गुरोरग्रे चांचल्यं नाचरेत्	गुरुके आगे चालाकी नहीं करे.
न च क्रीडेत्	खेले नहीं.
नापलपेत्	बकवाद करे नहीं.
न निषीदेत्	बैठकसे बैठे नहीं.
गुरून् दृष्ट्वा उत्तिष्ठेत्	गुरुजनोंको देखके उठ खडा होवे.

अध्ययनेन वंध्यं दिवसं न ग- अध्ययनसे रीता दिन नहीं गमावे.
मयेत्

आयुः स्वल्पमस्ति आयुष्य थोडा है.
अध्येतव्यं च बहु पढनेका तो बहुत है.
अतःयत्सारं तदेव अध्येतव्यम् इसवास्ते जो सार होय वही पढना.

शब्दकोश २.

भोः—अहो, ओ.
मित्र—सखा.
कुतः—कहांसे.
आगत—आया.
असि—(तू) है.
एहि—(तू) आ.
स्वागत—अच्छा आना.
सुदिन—अच्छा दिन.
अद्य—आज.
भवत्समागम—आपका मिलाप.
किम्—क्या.
अधीतं—पढा, पढाहुआ.
एतावत्कालपर्यंतं—इतने समयतक.
विषय—भाग, प्रकार, देश.
दृढ—पक्का. मजबूत.
प्रत्यहं—दररोज.
अधीये—(मैं पढताहूं.)
अद्यापि—आजतकभी.
प्रतिदिनं—दररोज.
सज्जीभवति—तैयार हो ता-ती-है.
कुरु—(तू) कर.
पाठ—सीखनेका पहाडा.
पृच्छति—(वो)पूछता-ती-है
तु—तो.
गुरुशुश्रषा—गुरुकी सेवा.
अंतरा—विना, बिगर.
सिध्यति—तैयार हो ता-ती-है.
अतः—इसवास्ते.
परिचरेत्—(वो)सेवे. चाकरी करे.
तुष्ट—संतोष पायाहुआ.
पाठसमय—अध्ययनकी वेला.

निरर्थक–व्यर्थ, फोकट.
वदेत्–(वो) बोले.
भाषेत–(वो) कहे.
श्रोतव्य–सुननेयोग्य.
रुष्ट–क्रोधित.
प्रत्युत्तर–उलट जवाब.
दद्यात्–(वो) देवे.
हित–कल्याण.
इतः–इस्से, यहांसे.
अन्य–दूसरा.
पथिन् (पन्थाः) मार्ग.
विद्यते–(वो) है.
तत्र–तहां.
पठनीय–पढनेयोग्य.
पुनःपुनः–फिर फिर.
आवृत्ति–सबक, संथा.
मुखोद्गत–मुखपाठ.
पृष्ट–पूछा.
दक्षता–ढिठाई.

उत्तर–जबाब.
पाठशंका–पाठमें संशय.
नम्रता–विनय.
पृच्छेत्–(वो)पूछे.
चांचल्य–चालाकी.
क्रीडेत्– (वो) खेले.
अपलपेत्–(वो) बकवादकरे, गुप्तरक्खे.
निषीदेत्–(वो) नीचे बैठरहे.
दृष्ट्वा–देख करके.
उत्तिष्ठेत्–(वो) उठ खडा होजावे.
वंध्य–रीता, रहित.
गमयेत्–(वो) गमावे,
आयुस्–उमर.
स्वल्प–थोडा-डी.
अध्येतव्य–पढने योग्य (विद्या).
बहु–बहुत.
सार–श्रेष्ठ, फलप्रद.

चतुर्थः पाठः ४.

भोजनोपदेशः ।

संस्कृतवाक्यानि–	प्राकृतवाक्यानि–
अयि बालक सूदं पृच्छ	हे बालक ! रसोइयादारकूं पूंछ.
रसवती सिद्धा न वा ?	रसोई तैयार हुई या नहीं ?
सुसिद्धं सर्वमन्नम्	सब अन्न तैयार हुआ.
उत्तिष्ठत भोजनार्थम्	भोजनके वास्ते उठो.
इमे वयमागताः	ये हम आये.
अद्य भोजने व्यञ्जनोपस्कराः बहवः संति	आज भोजनमें सालनके पदार्थ बहुत हैं.
सर्वमपि भोजनीयमद्य सुस्वादु वर्तते	सबही भोजन आज बहुत स्वादिष्ठ है.
भोःसूद मह्यं झटिति अन्नं परिवेविट्टि	हे रसोइयादार ! मुझकूं जलदी अन्न परोस.
भो मातः क्षुधा मां बाधते	हे मा ! भूख मेरेकूं सताती है.
द्रुतं मे भोजनं देहि	जलदी मुझकूं भोजन दे.
अद्य भोजने तु पूरिकाः सोहालिकाः लड्डुकाश्च बहवः संति	आज भोजनमें तो पूडी, सोहालिया (कचौडी), और लड्डू बहुत हैं.
भोजनावसरे अतिथिम् आह्वयामि	भोजनके समय अतिथि (पाहुने, या भिक्षुकों) को बुलाताहूं.
भोभो अतिथयः इहागच्छत	अहो अहो अतिथिओ ! (भिक्षुको!) यहां आओ.
इदं गृह्णीत	ये लेवो.
इदं ब्रूत	ये कहो.

अहं प्रत्यहम् अतिथिं ब्राह्मणम् आहूय तेन सह भोजनं करोमि	मैं दररोज अतिथि ब्राह्मणको बुला के उसके साथ भोजन करताहूं.
नतु एकाकी कस्मिन्नपि दिने भोक्तुं प्रवृत्तः आसम्	कौनसेभी दिन अकेला जीमनेको मैं प्रवृत्त हुंआ नहीं.
अतिथयोऽपि साक्षाद्धरेर्मूर्तयः संति	अतिथि भी प्रत्यक्ष भगवान्‌की मूर्तियां हैं.
इति हि शास्त्रं प्रमाणम्	ऐसा तो शास्त्र प्रमाण है.
अहो ब्राह्मणाः यूयं यथेच्छं भुङ्ध्वम्	अहो ब्राह्मण हो ! तुम यथेच्छ भोजन करो.
यद्रोचते तदग्राह्यं	जो रुचताहोय, सो लेना.
यन्न रोचते तत्त्याज्यं	जो नहीं रुचता होय, सो डार देना.
इदं सुस्वादु जलं पीयतां	यह मीठा जल पीना.
एतच्च घृतं हैयंगवीनमस्ति	यह घी कलके गोदोहनसे तैयार किया हुआ (ताजा) है.
शाकास्तु समीचीनाः संति	शाक-भाजी तो अच्छे हैं.
तक्रं च घनमस्ति	छाछभी घन (गाढा) है.
सूपादयः पदार्थाः शोभनाः विद्यंते	दाल आदिक पदार्थ अच्छे हैं.
इदमन्नं भुंजतः मे भूयान् संतोषः उत्पद्यते	ये अन्न खानेवाले मुझकूं बडा संतोष उत्पन्न होता है.
अद्य आतृप्ति भोजनं जातं	आज तृप्ति होय तबतक भोजन हुआ.
भोजनस्थले च रंगावली समंततः सुविन्यस्ता आसीत्	भोजनकी जगामें सबओर रङ्गावली निकाली हुई थी.

धूपगंधश्च सर्वतः परिव्याप्त आसीत्	धूपका सुवास सब ओर भरा हुआ था.
सुविचित्राणि वादित्राणि अवाद्यंत	अनेक प्रकारके बाजे बजने लगे.
भोजनोत्तरं मुखं प्रक्षाल्य अहं त्रयोदशगुणं तांबूलम् अभक्षयं	भोजनके पीछे मुख धोकरके तेरह गुणका तांबूल मैं खाताभया.
अन्येभ्यश्च अददां	दूसरेनकूंभी मैं देताभया.
पश्चात् अहं किंचित्कालम् अस्वपं	फिर मैं कुछ देर सोताभया.
तत उत्थाय स्वकार्यम् अकरवं	तदनन्तर उठके अपना काम मैं करताभया.
एष एव मे नित्यक्रमः	यही मेरा नित्यका क्रम है.
अनेन च आचरणेन कोपि न सीदति	इस आचरणसे कोईभी दुःख नहीं पाता है.
शरीरं च दृढं भवति	शरीरभी मजबूत होता है.
बुद्धिश्च वर्धते	बुद्धि बढती है.
तस्मात् इदं प्रतिदिनं कुर्वीत	तिस वास्ते यह दररोज करे.
एष भोजनोपदेशः	यह भोजनका उपदेश है.

शब्दकोश ४.

सूद—रसोइयादार.
पृच्छ—(तू) पूंछ.
रसवती—रसोई.
सिद्धा—तैयार.
उत्तिष्ठत—(तुम) उठो.
व्यंजनोपस्कर—सालन दाल भाजी

सुस्वादु—अच्छा मीठा.
झटिति—जलदी.
परिवेविड्ढि—(तू)परोस.
क्षुधा—भूख.
बाधते—(वो) सताता-ती-है.
द्रुतं—जलदी.
देहि—(तू) दे.
पूरिका—पूरी.
सोहालिका—कचौरी, सोहालिया.
अतिथि—पराणा, भिक्षुक.
भोजनावसर—जीमनेका समय.
आह्वयामि—(मैं) बुलाताहूं
इह—यहां
आगच्छत—(तुम) आओ
गृह्णीत—(तुम) लेओ.
ब्रूत—(तुम) बोलो.
आहूय—बुलायके.
एकाकिन्—अकेला.
भोक्तुम्—जीमनेको.
प्रवृत्त—लगाहुआ.
आसम्—(मैं) था.
साक्षात्—प्रत्यक्ष.
हरि—विष्णु भगवान्.
मूर्ति—आकार.

यथेच्छम्—इच्छाके अनुसार.
भुंड्ध्वम्—(तुम) जीमो.
रोचते—रुचताहै, अच्छा लगताहै.
ग्राह्यं—लेना, लेने योग्य.
त्याज्यं—छोडना, छोडने योग्य.
पीयतां—पीना.
घृत—घी.
हैयंगवीन—कलके दिन गायको दोहन करके आज तैयार किया हुआ, (ताजा मक्खनका) घृत.
शाक—भाजी.
समीचीन—सुंदर.
तक्र—छाछ.
घन—गाढा.
सूपादि—दालआदिक.
पदार्थ—चीज.
शोभन—अच्छा.
भुंजत्—जीमनेवाला.
भूयस्—बहुतसा-सी.
सन्तोष—आनंद.
उत्पद्यते—उपजता है.
आतृप्ति—संतुष्ट होवे तबतक.
भोजनस्थल—जीमनेकी जगह.
रङ्गावली—चित्रविचित्र रंगोंकी वेलबूटी.

समन्ततः—सब ओरसे, आस-पाससे.
सुविन्यस्त—अच्छी रीतिसे र-क्खा-क्खी-हुआ-ई.
आसीत्—था, थी.
धूपगंध—धूओंका सुगंध.
सर्वतः—सब ओरसे.
परिव्याप्त—भराहुआ.
सुविचित्र—अनेकप्रकारका.
वादित्र—बाजा.
अवाद्यंत—(वे) बजतेभये, बज-ती भई.
भोजनोत्तरम्—भोजनके उपरांत.
प्रक्षाल्य—धो करकै.
त्रयोदशगुण—तेरह गुणका.
ताम्बूल—बीडा.
अभक्षयं—(मैं) खाताहुआ.
अददां—(मैं) देताहुआ.
अस्वपं—(मैं) सोताहुआ.
स्वकार्य—अपना काम.
अकरवं—(मैं) करताहुआ.
नित्यक्रम—रोजकी चाल.
सीदति—(वो)दुःख पाता—ती, है.
वर्धते—(वो) बढता-ती, है.
भोजनोपदेश—भोजनका सि-खामन

पञ्चमः पाठः ५.

आपणोपदेशः ।

संस्कृतवाक्यानि—	प्राकृतवाक्यानि—
अस्मिन्ग्रामे आपणः अस्ति किम् ?	इस गाममें बजार है क्या ?
अत्र सर्वापि सामग्री मिलति किम् ?	यहाँ सब सामग्री मिलती है क्या ?
किमपेक्ष्यते भवद्भिः ?	आप क्या चाहते हैं ?
मम तु सर्वापि भोजनसामग्री अपेक्ष्यते	मुझकूं तौ सबही भोजनकी सामग्री चाहेती है.

घृतं कियता मूल्येन लभ्यते?	घी कितने कीमतसे मिलता है ?
तण्डुलानाम् एकसेरपरिमितानां किं मूल्यम्?	एक सेर चावलोंका क्या दाम ?
गोधूमचूर्णं कथं वर्तते?	गेहूंका चून कैसा है ?
शाकान् समानय	भाजी लेआ.
द्वयोः ताम्रिकपणयोः तैलमा-नय	दो पैसेका तेल ला.
पत्रावल्यः क्व मिलंति ?	पत्रावली कहां मिलती हैं?
एकपणस्य द्रोणकाः कति दीयंते ?	एक पैसके कितने दोने देतेहो ?
आपणः केन मार्गेण आयाति?	बजार किस रास्तासे आता है ?
अत्र ग्रामे ब्राह्मणानां गृहाणि क्व सन्ति ?	इस गाममें ब्राह्मणोंके घर कहां हैं ?
अत्र च वणिग्जनानां गृहश्रेणी केन मार्गेणायाति ?	यहां वनियालोगोंके घरोंकी पंक्ति किस रास्तेसे आती है ?
तत्राहं गन्तुमिच्छामि	तहां मैं जानेको चाहताहूं.
तत्र वयं गंतुमिच्छामः	तहां हम जानेको चाहते हैं.
तद्भवान् जानाति किम् ?	वह आप जानते हैं क्या ?
त्वं यदि जानासि तर्हि ब्रूहि	तू जो जानता होगा, तौ कह.
वृन्ताकाः कियन्मूल्येन सेरप्रमिता दीयन्ते ?	बैंगन कितनी कीमतसे सेरभर देते हैं ?
मम अङ्गरक्षार्थं वस्त्रं क्रीणामि	मेरे अंगरखाके वास्ते कपडा खरीदताहूं.
सः किं विक्रीणाति ? पृच्छ	वह क्या बेचताहै ? पूंछ.
तावतः किं गृह्णाति ?	तितनेका क्या लेताहै ?

अहम् एतावत् ददामि	मैं इतना देताहूं.
इतः अधिकं मत्तो न लभ्यते	इससे अधिक मुझसे न मिलेगा.
यदि इच्छास्ति तर्हि गृहाण	जो इच्छा हो तो ले.
नो चेत् अन्यत्र पश्य	नहीं तो दूसरी जगह देख.
